हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 22 अगस्त 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 ए आई टेक्निक के दौर में युवा बनें नौकरी देने ...




07 आयुष हॉस्पिटल में जिला अस्पताल...



## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 943.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सागर।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 943.1 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक देवरी केन्द्र पर सर्वाधिक 1216.2 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 776.3 मि.मी., जैसीनगर में 905.0 मि.मी., राहतगढ़ में 1157.4 मि.मी., बीना में 900.2 मि.मी., खुरई में 1099.2 मि.मी, मालथौन में 890.3 मि.मी., बण्डा में 784.0 मि.मी, शाहगढ में 802.8 मि.मी, गढ़ाकोटा में 842.0 मि.मी, रहली में 802.5 मि.मी, देवरी में 1216.2 मि.मी. तथा केसली में 1141.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### आंगनबाड़ी सहायिका चयन की अनंतिम सूची जारी

**रहली।** महिला एवं बाल विकास परियोजना रहली के अंतर्गत रिक्त आंगनवाडी सहायिकाओं के 29 पदों पूर्ति ऑनलाईन आवेदन आंमत्रित किये गये थे। आवेदन प्राप्ति के पश्चात खण्ड स्तरीय चयन समिति की बैठक अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुलदीप पराशर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें समिति द्वारा अनुमोदित करने के पश्चात अनंतिम सूची पोर्टल पर अपलोड की गई।परियोजना अधिकारी ममता खटीक ने जानकारी देते हुए बताया की 19 अगस्त को अपलोड़ सूची पर 7 दिवस में ऑनलाईन आपत्ति दर्ज की जा सकती है।

### जमुनिया चिखली में कॅरियर मेला आयोजित

**सागर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमुनिया चिखली में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत हेल्थ केयर यूनिट एवं फिजिकल एजुकेशन के लिए गेस्ट लेक्चरर के लिए शिक्षक कुलदीप बडगैइया, तेज सिंह लोधी मध्य प्रदेश पुलिस व मयंक सोनी द्वारा आज छात्रों को ज्ञानवर्धक मोटिवेशनल स्पीच दी गई । जिसमें शाला का समस्त स्टाफ व शिक्षक उपस्थित रहे। तेज सिंह लोधी द्वारा आज छात्रों को साइबर सुरक्षा कंप्यूटर तकनीक एवं छात्रों को अपनी सुरक्षा कैसे करनी है, अपना बचाव कैसे करना है और भविष्य में कैसे आगे बढ़ाना है। इस संबंध में बताया गया कुलदीप बड़गईया द्वारा छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं शालेय परीक्षाएं और जीवन कौशल के संबंध में जानकारी दी गई। जिसमें छात्रों द्वारा बड़े ही अच्छी तरीके से सर से सवाल जवाब किए गए और कुलदीप बडगैइया द्वारा सभी के प्रश्नों के उत्तर दिए गये। मयंक सोनी द्वारा एआई टेक्नोलॉजी, अन्य कंप्यूटर से संबंधित जानकारियां छात्रों को प्रदान की गई ।


### अस्पताल से मां को छुट्टी देने से पहले मिलेगा जन्म प्रमाण पत्र

**सागर।** कलेक्टर ने जनसुविधा को दृष्टिगत रखते हुए चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त स्वास्थ्य इकाईयों में होने वाले जन्म का पंजीयन संस्था से प्रसूता के डिस्चार्ज के पूर्व अनिवार्यतः करते हुए जन्म प्रमाणपत्र की प्रति डिस्चार्ज स्लिप के साथ अथवा उनके रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर पर वाट्सएप एव अन्य माध्यम से प्रदाय करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय से जारी निर्देशों के अनुसार जन्म प्रमाण पत्र के बढ़ते महत्व को देखते हुए, यह प्रमाण पत्र नव-जात शिशु की मां को अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले ही दे दिया जाये, खासकर सरकारी अस्पतालों द्वारा जहां कुल संस्थागत जन्मों में से 50 प्रतिशत से अधिक जन्म होते है। साथ ही रजिस्ट्रार को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए कि वे अस्पताल में जन्म होते ही उसका पंजीकरण करें और जन्म प्रमाण पत्र तुरंत जारी करें। जिससे जनसाधारण को सुविधा होगी।

ललितकला एवं प्रदर्शनकारी कला विभाग में विश्व फोटोग्राफी दिवस पर प्रदर्शनी और प्रतियोगिता का आयोजन

# फोटोग्राफी प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के 32 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा व हुनर की तस्वीरें की पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के ललित कला एवं प्रदर्शनकारी कला विभाग ने विश्व फोटोग्राफी दिवस पर फोटोग्राफी प्रदर्शनी और प्रतियोगिता का आयोजन किया। विभागीय दीर्घा एक दिन के लिए रोशनी, रंग और लेंस की जादुई दुनिया में तब्दील हो गई । कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने सभी को विश्व फोटोग्राफी दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। प्रदर्शनी का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. डी. के. नेमा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ प्रदर्शनी का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर संकायध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष डॉ. बलवन्त सिंह भदौरिया, डॉ. राकेश सोनी, डॉ. सुप्रभा दास, अल्ताफ मुलाणी, डॉ. नीरज उपाध्याय, आकाश मालवीय उपस्थित रहे।

प्रो. डी.के. नेमा ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा फोटोग्राफी केवल क्लिक करना नहीं, यह प्रकाश और छाया की उस भाषा को समझना है जहाँ विज्ञान की तकनीक और कला की संवेदना बराबरी से तस्वीर को जन्म देती हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. बलवन्त सिंह भदौरिया ने कहा फोटोग्राफी फाइन आर्ट्स का रचनात्मक अंग है। एक फोटोग्राफर यथार्थ को वैसा नहीं, जैसा वह है, बल्कि अपने दृष्टिकोण से लेंस के फ्रेम में नया अर्थ देकर रचता है। डॉ. राकेश सोनी ने फोटोग्राफी को समाज का दर्पण बताते हुए कहा जैसे रंगमंच मंच पर समाज को जीवित करता है, वैसे ही कैमरा समाज की नाटकीयता को जस का तस कैद कर, दृश्य भाषा में हमारे सामने प्रस्तुत करता है। डॉ. सुप्रभा दास ने फोटोग्राफी को अप्लाइड आर्ट से जोड़ते हुए कहा आज के समय में हर मोड़ पर रचनात्मक और व्यावसायिक फोटोग्राफी दोनों की ज़रूरत है। कैमरा केवल भावनाओं को नहीं, बल्कि बाज़ार की माँगों को भी फ्रेम में उतारता है। डॉ. अल्ताफ मुलानी ने कहा कि फोटोग्राफी महज़ दृश्य को पकड़ना नहीं, बल्कि फोटोग्राफर की सोच और संवेदना को प्रकाश में ढालना है। तस्वीर में झलकती नज़र ही उसकी असली पहचान होती है। डॉ. नीरज उपाध्याय ने ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य देते हुए कहा कैमरे को कभी केवल नकल करने वाला यंत्र कहा गया था। लेकिन 19वीं सदी के अंत और 20वीं सदी की शुरुआत में पिक्टोरियलिज़्म आंदोलन ने इसे कला की औपचारिक मान्यता दिलाई। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ. आकाश मालवीय ने फोटोग्राफी को परिभाषित करते हुए कहा फोटोग्राफी दरअसल प्रकाश की कविता है जहाँ कैमरे की आँख रोशनी को स्थायी चित्र में बदल देती है।

आयोजन के दौरान आयोजित फोटोग्राफी प्रतियोगिता में विभाग के (32) छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में वैभव कालभूत ने प्रथम, सोनल सिंघई ने द्वितीय और पियूष तिवारी ने तृतीय स्थान हासिल किया। आस्था जैन, जतिन, मोनालिसा, दिया, अंशिका, दीक्षा, दीपक, पलक, प्रदीप और अमित को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर डॉ. नीलम थापा, डॉ. महेंद्र कुमार, डॉ. अमितेश पाण्डेय सहित विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक, अधिकारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## सतगुरु माता दादी कौशल्या देवी की याद में पाठ साहब का समापन

**सागर।** सिंधी पंचायत गुरुद्वारा ट्रस्ट की महंत सतगुरु माता दादी कौशल्या देवी 10 अगस्त को ब्रह्मलीन हो गई थी। जिनकी याद में आज गुरुवार को मिलन राम दरबार गुरुद्वारा साहिब में सुबह 11:00 बजे भोग साहब का आयोजन किया गया। भोग साहब में दरबार साहब के प्रमुख सेवादारी लख्मीचंद मनवाणी द्वारा पाठ साहिब का वाचन, आरती, अरदास एवं वचन साहब का वाचन किया गया। भोग साहब के पश्चात श्री झूलेलाल मंदिर धर्मशाला में लंगर प्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त समाज की माता बहनों एवं भाइयों ने लंगर चखा। सचिन संगतानी ने बताया कि इस आयोजन में पूज्य पंचायत के अध्यक्ष मोहनलाल सौम्या, पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष राज कुमार धामेचा, निरंकारी मंडल प्रमुख नारायण दास निरंकारी, कैलाश हासानी, जेताराम नागवानी एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए ।



## वैश्विक आशाओं के केंद्र हैं भारत के युवाः सिंह

**मालथौन।** भाजपा के युवा नेता अविराज सिंह ने बरोदिया कलां, परसोन, मालथौन, के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरित की। उन्हें मालथौन के शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की छात्राओं ने राखी बांधी। सेवन रोड़ बांदरी स्थित इंडोर स्टेडियम हॉल में श्री अविराज सिंह बैडमिंटन टूर्नामेंट के समापन पर पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। युवा नेता अविराज सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज विश्व का हर नागरिक भारत के युवाओं में अपनी आशा की नजरों से देखते है क्योंकि भारत के युवा विश्व की सबसे बड़ी युवा शक्ति है। भारत में 37 करोड़ युवा है। उन्होंने आदर्श युवाओं की पहचान के लिये तीन गुण बताये ऊर्जा, जिद और जोश। एक आदर्श युवा वह होता है जिसके हाथों में शक्ति, पैरों में गति, हृदय में ऊर्जा और आंखों में सपने होते है। उन्होंने कहा कि जिस तरह हमारे लिये वायु, भोजन और जल जरूरी है वैसे ही हमारे लिये शिक्षा जरूरी है। शिक्षा केवल विद्यालय, कॉलेज और नौकरी तक सीमित नहीं है शिक्षा सम्पूर्ण जीवन तक चलती रहती है। शिक्षा की जड़े कड़वी होती है लेकिन फल हमेशा मीठे ही मिलते है। शिक्षा से हमारे मन का विकास होता है, शिक्षा के माध्यम से हम संस्कारी बनते है। जो मनुष्य शिक्षित नहीं है वह पशु के समान होता है। उन्होंने नई युवा पीढ़ी को सफलता के लिये पांच सूत्र बताये। और कहा कि आपको जिस क्षेत्र में आगे बढना है वहीं चुनिये। कार्यक्रम में प्रिंसिपल वी.एस. लोधी, प्राचार्य डी.के.गुप्ता मंडल अध्यक्ष नीतेश यादव, नगर परिषद अध्यक्ष मीना देवी चुन्नीलाल कुशवाहा, बीईओ मालथौन जी.पी. अहिरवार, बीआरसी विजय सिंह ठाकुर, रामानंद शर्मा, रिंकी राय, सविता विश्वकर्मा, बलराम ठाकुर, कोमल यादव, आर.सी. दुबे, दयाराम चौरसिया, बलवीर सिंह, तिलक ठाकुर, बादल सिंह, निरंजन ठाकुर, अजमेर सिंह लोधी, रविन्द्र बुन्देला, उदय राज बनखिरिया, रविन्द्र सिंह ठाकुर, जगदीश राय, बीईओ जीपी अहिरवार, मालथौन मंडल अध्यक्ष, अरविंद लोधी, रामकुमार बघेल, रावराजा राजपूत, दीपक राजपूत सरपंच परसोन, माखन सिंह राजपूत, सुरेन्द्र सिंह बघेल, आशीष पटैरिया,, संजय राय, जितेंद्र मिश्रा, हाकम सिंह राजपूत, भारत सिंह पटेल सहित वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तीन दिवसीय संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली




मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा का शुभारंभ सांदीपनि विद्यालय के उत्कृष्ट सभागार में किया गया। कार्यक्रम पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं वर्तमान नगर पालिका परिषद रहली में पार्षद अमित नायक के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। छात्राओं आरुषि यशिका एवं प्रिया ने सरस्वती वंदना का गायन किया। विकास खंड क्रीड़ा अधिकारी सुधीर यादव एवं जनरल मैनेजर जिला सागर सलामत खान द्वारा उपस्थित अतिथियों का क्रीड़ा पुष्प लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को पार्षद अमित नायक,जिला क्रीड़ा अधिकारी संजय दादर, सहायक संचालक स्वाति दुबे, शिवशंकर रैकवार, सुधीर यादव, कमलेश दुबे, श्यामाचरण कुर्मी ने संबोधित किया, प्रतिवेदन सांदीपनि विद्यालय रहली प्राचार्य एवं संगठन सचिव दिलीप चौबे द्वारा प्रस्तुत किया गया।

प्रतियोगिता में सागर संभाग के सभी जिलों से बैडमिंटन, भारोत्तोलन एवं जिम्नास्टिक बालक बालिका वर्ग के कुल 180 प्रतिभागियों सहित समस्त जिलों के जनरल मैनेजर, कोच एवं सपोर्टिंग स्टॉफ उपस्थित थे।

कार्यक्रम में प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहली विजय पचौरी, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक आर डी अहिरवार, विकास खंड शिक्षा आहरण संवितरण अधिकारी हेमराज कोरी, सांदीपनि विद्यालय रहली के माध्यमिक विंग प्रभारी संजय खरे, शिक्षक यतेंद्र समाधिया, सचिंद्र शुक्ला, जनरल मैनेजर छतरपुर पंकज शुक्ला, पन्ना से एटस लारेंस, टीकमगढ़ से प्रेमनारायण साधक, दमोह से रामकिशोर शर्मा एवं निवाड़ी से आशीष खरे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गोविंद सिंह ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन जनरल मैनेजर सागर सलामत खान द्वारा किया गया।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन, माता वैष्णोंदेवी के लिए तीर्थयात्री 5 अक्टूबर को होंगे रवाना

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रियों के लिए वैष्णोदेवी तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में तीर्थयात्रा करने हेतु आवेदन 23.09.2025 तक प्राप्त किये जावेगें। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रा हेतु किए जा रहे आवेदन में आधार कार्ड नम्बर अनिवार्य रहेगा तथा आवेदन साफ्टकॉपी एवं हार्डकॉपी के द्वारा इस कार्यालय में 23.09.2025 सायं 05:30 बजे तक भेजना सुनिश्चत करें। तीर्थ यात्रियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों के साथ चिकित्सीय प्रमाण पत्र सहित सभी कालमों एवं सहपत्रों का सूक्ष्म परीक्षण उपरांत पात्र व्यक्तियों के ही आवेदन इस कार्यालय में भेजे जावें।



## सहायक संचालक ने किया स्कूलों का निरीक्षण

**रहली।** विकास खंड में संचालित स्कूलों का सहायक संचालक स्वाति दुबे द्वारा लगातर निरीक्षण किया जा रहा है। सुश्री दुबे ने बताया कि विद्यालय आने वाले बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिले शिक्षक का यह प्रथम दायित्व है । जिसके लिए लगातर निरीक्षण कर यह प्रयास किया जा रहा है कि विद्यालयों का विधिवत संचालन हो । विद्यालयों में शिक्षा का स्तर उन्नत करने के लिए सघन निरीक्षण किए जायेगे तथा लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी । साथ ही सभी शिक्षको से यह अपील की है कि शासन की मंशा के अनुसार हमारे शिक्षक एप का अनिवार्य रूप से उपयोग कर निर्धारित समय पर विद्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करें । शास हायर सेकंडरी स्कूल छिरारी, हायर सेकंडरी स्कूल खैराना और काछिपिपरिया में सभी शिक्षकों को यह निर्देश दिए कि डेली डायरी का संधारण कर बच्चों को पढ़ाए। मासिक टेस्ट में कमजोर बच्चों के लिए विशेष कक्षाओं की व्यवस्था करायी जाए। बच्चों के मानसिक विकास के लिए शतरंज अनिवार्य रूप से खिलाई जावे। इसी प्रकार संस्था प्राचार्य को यह भी निर्देश दिए कि विद्यालय में साफ सफाई कराकर वातावरण सुन्दर बनाये और बच्चों की उपस्थिति में वृद्धि हेतु सार्थक प्रयास किए जाए ।




## विश्वविद्यालयः नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कुलपति ने दिलाई शपथ

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार, नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 21 से 25 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन, वाणिज्य विभाग, इंजीनियरिंग विभाग (वैली कैम्पस) में कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता द्वारा नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इसी तरह 22 अगस्त को स्लोगन एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। 23 अगस्त को सामुदायिक जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। 23 एवं 24 अगस्त को बालक तथा कन्या छात्रावासो में निबंध भाषण एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। दिनांक 25 अगस्त को आयोजित मुख्य समारोह में पोस्टर प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक एवं जिंगल-गीत प्रदर्शन आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा । नशा मुक्त अभियान के तहत दिलाई गई शपथ कार्यक्रम के अवसर पर विश्वविद्यालय प्रॉक्टर प्रो. चंदा बेन, प्रो. रणवीर सिंह, प्रो. आशीष वर्मा, डॉ. अभिषेक बंसल विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. एस पी उपाध्याय, सतीश कुमार, संतोष सहगौरा, डॉ. सुरेन्द्र गादेवार, सुरक्षा अधिकारी प्रो. राजेंद्र यादव, डॉ. राकेश सोनी, डॉ. संजय शर्मा, तथा विश्वविद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विवि के डॉ. अंबेडकर चेयर के तत्वावधान में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के डॉ. आंबेडकर चेयर चेयर परिसर में कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान वर्ष 2025-26 में डॉ आंबेडकर चेयर के द्वारा किए गए कार्यों की प्रदर्शनी का अवलोकन कुलपति ने किया. डॉक्टर अंबेडकर चेयर के संगोष्ठी कक्ष में प्रो. नीलिमा गुप्ता ने वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण पर आज की आवश्यकता विषय पर अपने उद्बोधन देते हुए कहा कि पर्यावरण समस्या केवल भारत की नहीं परंतु विश्व की भी है। वृक्षारोपण और उनका संरक्षण करना हम सब का कर्तव्य व दायित्व है। उन्होंने अभियान के तहत चरणबद्ध तरीके से वृक्षारोपण करने एवं जागरूकता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का बढ़ता क्षरण हम सबके जीवन के लिए बड़ी समस्या बन रहा है। वनों की कटाई, बढ़ता शहरीकरण, जैव विविधता की कमी और बढ़ते प्राकृतिक संसाधनों का दोहन चिंताजनक है. उक्त अवसर पर कुलसचिव एस.पी. उपाध्याय भी उपस्थित थे. उक्त अवसर पर कुलपति एवं कुलसचिव द्वारा डॉक्टर अंबेडकर चेयर के कार्यक्रम ब्रोसर का भी विमोचन किया गया।

गणेश प्रतिमा निर्माण त्रिदिवसीय कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

# जब हम अपने हुनर और श्रम पर भरोसा करते हैं, तो हमें किसी और पर निर्भर नहीं रहना पड़ता : शैलबाला बैरागी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर मध्यप्रदेश द्वारा "स्वावलंबन से आत्मनिर्भर की ओर" विषय को दृष्टिगत करते हुए गणेश प्रतिमा निर्माण त्रिदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तद्उपरान्त कार्यशाला का औचित्य संस्था की विभागाध्यक्ष-फैशन विभाग, शैलबाला बैरागी द्वारा दिया गया। अपने कहा कि जब हम अपने हुनर और श्रम पर भरोसा करते हैं, तो हमें किसी और पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। यही पहला कदम आत्मनिर्भरता की ओर होता है।

गणेश प्रतिमा बना ने की यह कार्यशाला इसका उदाहरण है। साधारण सी मिट्टी, जब हमारे हाथों से आकार पाती है, तो वह भगवा न गणेश की सुंदर प्रतिमा बन जाती है। इससे हमें गर्व भी होता है और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। "स्वावलंबन बीज है और आत्मनिर्भरता उसका विशाल वृक्ष।" अगर हम छोटे-छोटे काम अपने श्रम से करते हैं, तो धीरे-धीरे हम बड़े लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। इस कार्यशाला से हमें पर्यावरण की भी शिक्षा मिलती है। मिट्टी की प्रतिमा प्रकृति के अनुकूल है और इससे प्रदूषण नहीं फैलता। और जब हम स्वयं प्रतिमा बना एंगे, तो त्योहार और भी पावन लगेगा। हमें लगेगा कि हमने अपनी आस्था को अपने ही हाथों से गढ़ा है। यही सच्चा स्वावलंबन है। और जब हर व्यक्ति अपने हुनर और श्रम से कुछ नया करेगा, तभी भारत आत्मनिर्भर बनेगा। गणेश जी को विघ्नहर्ता कहा जाता है। वे हमें सिखाते हैं कि परिश्रम और स्वावलंबन से हर विघ्न दूर किया जा सकता है।"स्वावलंबन से ही आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त होता है।" इस अवसर पर मुख अतिथि की आसंदी से संस्था की उपकुलपति, डॉसुनीता जैन ने कहा कि गणेश प्रतिमा निर्माण की यह कार्यशाला इसका सजीव उदाहरण है। यहाँ हम मिट्टी से प्रतिमा गढ़ना सीखते हैं। साधारण सी मिट्टी, जब हमारे श्रम और कला से मिलकर भगवान गणेश का स्वरूप धारण कर लेती है, तो वह हमें यही सिखाती है कि "श्रम से ही सृजन हो ता है और सृजन से ही आत्मनिर्भरता।" साथ ही, यह कार्यशाला पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देती है। जब हम प्राकृतिक मिट्टी से बनी पर्यावरण-अनुकूल प्रतिमाएँ तैयार करते हैं, तो न केवल प्रदूषण को रोकते हैं, बल्कि समाज को स्वच्छता और प्रकृति-प्रेम की ओर भी प्रेरित करते हैं। वक्तव्य की अगली श्रृंखला में संस्था के प्राध्यापक, डॉ नीरज तोपखाने ने कहा कि- आज भारत ''आत्मनिर्भर भारत'' की राह पर अग्रसर है। आत्मनिर्भरता केवल बड़े उद्योगों से नहीं, बल्कि ऐसी छोटी-छोटी कार्यशालाओं, स्वदेशी कला और लोक संस्कृति से भी आती है। यदि हर व्यक्ति अपनी कला, हुनर और श्रम के माध्यम से कुछ नया रचने का प्रयास करे, तो हम सभी मिलकर सच्चे अर्थों में आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकते हैं। गणेश जी को विघ्नहर्ता कहा जाता है। जब हम अपने श्रम और कला से उनकी प्रतिमा बनाते हैं, तो यह कार्य हमें यह प्रेरणा देता है कि जी वन के हर विघ्न को हम अपने आत्मविश्वास और स्वावलंबन से पार कर सकते हैं। "स्वावलंबन वह बीज है, जिससे आत्मनिर्भरता का वृक्ष जन्म लेता है।

## खबर संक्षेप



### स्मार्ट मीटर और वी-मित्र एप्लिकेशन पर जागरूकता कार्यशाला

**टीकमगढ़।** शासकीय पीजी कॉलेज, टीकमगढ़ में स्मार्ट मीटर और वी-मित्र एप्लिकेशन की उपयोगिता और महत्व पर विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन ईई ओ एंड एम सुधीर सोनी और ईई एनफोर्समेंट सुजाता गौतम के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यशाला में कॉलेज के विद्यार्थियों को वी-मित्र एप्लिकेशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि इस एप्लिकेशन का उद्देश्य विद्युत सेवाओं में पारदर्शिता लाना, उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना और अनियमितताओं पर रोक लगाना है। इस प्लेटफार्म के माध्यम से नागरिक बिजली चोरी, मीटर बाईपास, अवैध कनेक्शन, बिलिंग त्रुटियाँ और आंकड़ों में हेराफेरी जैसी समस्याओं की सूचना सीधे विभाग को दे सकते हैं।
कार्यक्रम में शहर प्रभारी नितिन बॉथम, ग्रामीण प्रभारी शुभम त्यागी और उपसंभाग प्रभारी विशाल तोमर भी मौजूद रहे। इन अधिकारियों ने विद्यार्थियों को एप्लिकेशन के व्यावहारिक उपयोग और इसके लाभों की जानकारी दी। साथ ही स्मार्ट मीटर की विशेषताओं पर भी प्रकाश डाला गया। इसमें सटीक बिलिंग, वास्तविक समय में खपत की जानकारी और पारदर्शी आंकड़ों की उपलब्धता जैसे लाभ शामिल हैं।

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने ट्वीट कर साधा भाजपा व चुनाव आयोग पर निशाना

# मंत्री के बंगले के समीप मिले वोटर आईडी कांड पर सियासत हुई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

लोकतंत्र की रीढ़ माने जाने वाले वोटर आईडी कार्ड से जुड़ा सनसनीखेज मामला मंगलवार 19 अगस्त की रात को सुर्खियों में आने के बाद अब इस पर सियासत शुरू हो गई है। देश में छाये चर्चित फर्जी वोट मुद्दे से जोड़कर उक्त वोटर आईडी काण्ड को देखा जा रहा है। इसको लेकर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने ट्वीट करके वोटर आईडी काण्ड के उक्त मामले को प्रदेश स्तर पर उछाल दिया है।

### सांसद बंगले के पास रात अंधेरे में मिले थे वोटर आईडी कार्ड

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री व सांसद डॉ. वीरेंद्र कुमार के सरकारी बंगले के पास सड़क पर 43 वोटर आईडी कार्ड बिखरे पाए गए थे। इनमें से कई कार्ड आंशिक रूप से जले हुए थे। जिसकी शिकायत सांसद प्रतिनिधि विवेक चतुर्वेदी द्वारा प्रशासन से की गई तब तहसीलदार अपने दल के साथ मौके पर पहुंचे और सभी कार्डो को जप्त कर जांच शुरू कर दी। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि चतुर्वेदी ने बताया था कि यह कार्ड बगल के सरकारी क्वार्टर में निवासरत स्वास्थ कर्मचारी संतोष अम्बेडकर की महिला कर्मचारी द्वारा फेंके गये हैं। जिसकी पुष्टि सीसीटीबी फुटेज के द्वारा की गई। सांसद प्रतिनिधि चतुर्वेदी ने बताया कि सीसीटीबी फुटेज में स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि स्वास्थ कर्मचारी संतोष अम्बेडकर के घर से महिला कर्मचारी ने उक्त कार्ड बाहर फेंके है।






### कांग्रेस ने साधा मंत्री और चुनाव आयोग पर निशाना

इस घटना ने प्रदेश की राजनीति को गर्मा दिया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ट्वीट कर भाजपा और चुनाव आयोग दोनों को कटघरे में खड़ा कर दिया है। उन्होंने सवाल उठाते हुए लिखा कि 'अब मोदीजी के मंत्री के बंगले के पास 43 वोटर आईडी कार्ड मिले है। ये कार्ड कहां से आए? कौन लाया? इसमें कौन दोषी है? ये सभी सवाल उक्त मामला घटित होने के 36 घंटे बाद भी अधूरे क्यों हैं?' इसके बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ट्वीट में चुनाव आयोग पर हमला करते हुए लिखा कि 'टीकमगढ़ में भी लग ही गया, चुनाव आयोग के माथे पर काला टीका'। ने तंज कसते हुए कहा कि घटना के 36 घंटे गुजर जाने के बाद भी कई सवाल अनुत्तरित हैं और इससे ऐसा प्रतीत होता है कि टीकमगढ़ में चुनाव आयोग के माथे पर भी कलंक का टीका लग गया है। कांग्रेस ने आरोप लगते हुए कहा कि देश में फर्जी वोट का मुद्दा तो छाया ही है। जिसे भाजपा झुठलाने के प्रयास में थी लेकिन अब तो टीकमगढ़ में भाजपा के केंद्रीय मंत्री के बंगले के बगल में ही संदिग्ध वोटर आईडी कार्ड डले हुए पाए गये हैं। जिसकी 36 घंटे बीतने के बाद भी जांच नहीं की जा सकी।

### सियासत गरम, आगे और बढ़ सकती है हलचल

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह मामला आने वाले दिनों में और विकराल रूप ले सकता है। एक ओर कांग्रेस इसे सत्ता की नाकामी बता रही है तो दूसरी ओर भाजपा इसे विपक्ष का सियासी हथकंडा करार दे सकती है। लेकिन सच यह है कि लोकतंत्र की सबसे अहम पहचान पर सवाल उठने से आम जनता के मन में तरह तरह के सवाल उठ रहे हैं जिससे आमजन असमंजस की स्थिति में है। टीकमगढ़ जैसे शांत माने जाने वाले शहर में वोटर आईडी कांड ने हलचल मचा दी है। अब सबकी निगाहें प्रशासनिक जांच और चुनाव आयोग की कार्यवाही पर टिकी हैं।

## वोकेशनल लैब का शुभारंभ

# ए आई टेक्निक के दौर में युवा बनें नौकरी देने वाले मालिकः कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय परिसर पहुंचकर आधुनिक वोकेशनल लैब का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण और छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद कलेक्टर श्रोत्रिय ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने छात्रों से उनके भविष्य के लक्ष्य और कैरियर योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि आज की शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यवहारिक ज्ञान और कौशल आधारित शिक्षा की भी आवश्यकता है।

### युवाओं को मालिक बनने की ओर किया प्रेरित

संवाद के दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए समझाया कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई की दुनिया तेजी से बढ़ रही है। यदि भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त राष्ट्र बनाना है, तो युवाओं को केवल नौकरी तलाशने की बजाय नौकरी देने वाला बनना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को स्टार्टअप संस्कृति की ओर अग्रसर होने, नए विचार विकसित करने और जोखिम लेने की हिम्मत जुटाने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि सरकार भी युवाओं के लिए कई योजनाएँ चला रही है, जिनका लाभ लेकर वे अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी अपनी जिज्ञासाएँ और विचार साझा किए। कलेक्टर श्रोत्रिय ने उन्हें मार्गदर्शन देते हुए कहा कि किसी भी लक्ष्य तक पहुँचने के लिए निरंतर प्रयास और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है।

### वोकेशनल लैब ऐसी प्रयोगशाला जहां बनते हैं उद्यमी

वोकेशनल लैब शब्द का संबंध एक ऐसी प्रयोगशाला या कार्यशाला से है, जहाँ छात्रों को विशिष्ट व्यवसायों या कौशलों के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। इसे व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रयोगशाला भी कहा जा सकता है। उदाहरण के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक्स वोकेशनल लैब में छात्र को सर्किट बनाना, तारों को जोड़ना, और अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स से संबंधित कौशल को सिखाया जाता है। इसी तरह वेल्डिंग वोकेशनल लैब में छात्र वेल्डिंग के विभिन्न तरीकों का अभ्यास करके उसमे पारंगत होते हैं।

## कार्यक्रम आयोजित कर दिया 150 छात्राओं को प्रशिक्षण

# एसपी ने चलाया आत्मरक्षा से आत्मविश्वास की ओर स्वयं सिद्धा अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में ऑपरेशन स्वयं सिद्धा के अंतर्गत 20 अगस्त को शहर के शासकीय हाई स्कूल और शिशु मंदिर स्कूल में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यालयीन छात्राओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें आत्मसुरक्षा के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के दौरान महिला प्रकोष्ठ की प्रधान आरक्षक रानू विश्वकर्मा और महिला आरक्षक कीर्ति बुंदेला के साथ ब्लैक बेल्ट जूडो-कराते प्रशिक्षक अंजली विश्वकर्मा ने छात्राओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का सजीव प्रदर्शन कराया। लगभग 150 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आत्मरक्षा की बुनियादी से लेकर उन्नत तकनीकों का अभ्यास किया। विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ इस मौके पर मौजूद रहा और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं में अनुशासन, एकाग्रता और आत्मविश्वास का अद्भुत संगम दिखाई दिया। एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने बताया कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण छात्राओं को न केवल शारीरिक रूप से सक्षम बनाता है, बल्कि यह मानसिक दृढ़ता और आपात स्थितियों में त्वरित निर्णय लेने की क्षमता भी विकसित करता है। भविष्य में यह प्रशिक्षण उनकी सुरक्षा और व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाएगा।

महिला सेल के माध्यम से स्वयं सिद्धा अभियान के तहत ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे। इसका उद्देश्य छात्राओं के बीच सुरक्षा की भावना और आत्मविश्वास को मजबूत करना है, ताकि वे हर परिस्थिति में सशक्त और सजग रह सकें।



# किराया न चुकाने पर नप ने की सीज की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

नगर परिषद पलेरा ने गुरुवार को सख्ती दिखाते हुए उन दुकानदारों पर कार्रवाई की, जो वर्षों से किराया जमा नहीं कर रहे थे। नगर परिषद सीएमओ शिवि उपाध्याय के निर्देश पर गठित टीम ने शाम करीब चार बजे तहसीलदार बंगले के पास बनी नगर परिषद की गुमटी दुकानों पर कार्रवाई कर दो दुकानों को सीज कर दिया। बताया गया कि दुकान क्रमांक 4 पर सीताराम सेन तथा दुकान क्रमांक 22 पर धीरु सोनी कारोबार कर रहे थे। दोनों पर लंबे समय से किराए की राशि बकाया थी। परिषद रिकॉर्ड के मुताबिक, इन दुकानदारों समेत कई अन्य पर लगभग 45 हज़ार रुपये का बकाया है। जब नगर परिषद की टीम दुकानों को सीज करने पहुंची, तो सूचना मिलते ही किराया बकायादार दुकानदार मौके पर पहुँच गए। उन्होंने कार्रवाई का विरोध किया, लेकिन परिषद टीम ने किसी की नहीं सुनी और तय प्रक्रिया के तहत दुकानों पर ताला जड़ दिया। नगर परिषद ने सभी दुकानदारों को स्पष्ट संदेश दिया है एक महीने के भीतर किराया बकाया चुका दो और दुकान की चाबी ले जाओ। अन्यथा परिषद कानूनी नोटिस भेजकर गुमटियाँ नए किराएदारों को अलॉट कर देगी।

यह सख्त कार्रवाई नगर परिषद की उस नीति का हिस्सा मानी जा रही है, जिसके तहत ऑडिट में सामने आए राजस्व घाटे को पूरा करने के लिए वसूली की जा रही है। इस दौरान नगर परिषद कर्मचारी नितिन शर्मा, रघुराज बुंदेला समेत अन्य स्टाफ मौके पर मौजूद रहा। परिषद के इस कदम से बाकी दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। अब सभी को आशंका है कि यदि बकाया तुरंत जमा नहीं किया तो उनकी दुकानें भी सीज की जा सकती हैं।

## योजना में सब्सिडी चाहिए तो देना होगा 50 प्रतिशत कमीशन

# मत्स्य विभाग में भ्रष्टाचार का जाल, गरीब मछुआरों से वसूली की खुली बोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना का मकसद गरीब मछुआरों को आत्मनिर्भर बनाना है, लेकिन जिले का मत्स्य विभाग इस योजना को अपनी कमाई का जरिया बनाकर इस पर डाका डाल रहा है। मत्स्य विभाग के भ्रष्टाचार का ऐसा घिनौना चेहरा सामने आया है, जिसने विभागीय व्यवस्था की पोल खोल दी है। इस मामले को लेकर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को लिखित शिकायत कर मत्स्य विभाग अधिकारी पर सख्त कार्यवाही की मांग की गई है।

जिले के ग्राम करमारई निवासी श्यामलाल रैकवार ने कलेक्टर श्रोत्रिय को दिए लिखित आवेदन में जिला मत्स्य अधिकारी मेघा गुप्ता पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आवेदन में बताया गया कि श्यामलाल पिछले कई सालों से झींगा पालन हेतु सब्सिडी के लिए विभाग के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें टाल दिया गया। जब वे सीधे जिला मत्स्य अधिकारी गुप्ता से मिले तो उन्हें साफ शब्दों में कहा गया कि यदि सब्सिडी का लाभ चाहिए तो जो भी राशि आपके समूह खाते में आएगी, उसका 50 प्रतिशत हिस्सा हमें कमीशन के रूप में देना होगा। इसमें से 10 प्रतिशत अग्रिम देना अनिवार्य है। शिकायतकर्ता श्यामलाल के अनुसार जब उन्होंने रिश्वत देने से इनकार किया, तो अधिकारी ने उन्हें अपमानित करते हुए कहा कि तुम यहाँ क्या करने आए हो, जाओ बाहर। इतना ही नहीं, उनके साथ आए समूह के सदस्यों को भी दफ्तर से जबरन बाहर निकाल दिया गया।

इस पूरे घटनाक्रम से यह स्पष्ट है कि योजना के नाम पर गरीब हितग्राहियों की बेइज्जती और शोषण किया जा रहा है। आवेदन में मांग करते हुए कहा गया कि उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए। दोषी अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। जिससे वास्तविक हितग्राहियों को बिना रिश्वत दिए योजना का लाभ मिले, अन्य लाभार्थियों से भी फीडबैक लेकर विभाग की कार्यप्रणाली की समीक्षा हो।

यह मामला सिर्फ एक हितग्राही का नहीं, बल्कि पूरे मछुआ वर्ग की पीड़ा है। सवाल यह है कि जब गरीब किसानों और मछुआरों को मिलने वाली योजनाओं पर ही अफसर कमीशनखोरी का जाल बुन लेंगे, तो योजनाओं का असली फायदा आखिर किसे मिलेगा? प्रदेश की सरकार जहां योजनाओं को गरीबों की ताकत बताती है, वहीं विभागीय अफसर उन्हीं योजनाओं को अपनी निजी तिजोरी भरने का साधन बना रहे हैं। अब देखना है कि कलेक्टर इस गंभीर मामले पर कितनी कठोर और पारदर्शी कार्रवाई करते हैं।

## 350 गोवंश को पकड़कर गोशाला किया स्थानांतरित

# कलेक्टर श्रोत्रिय के निर्देश पर सक्रिय हुआ नपा प्रशासन




**टीकमगढ़।** शहर में आवारा गोवंश की समस्या को दूर करने के लिए नगर पालिका ने विशेष अभियान शुरू किया है। कलेक्टर विवेक श्रोतिय के निर्देश पर यह कार्रवाई की जा रही है। नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया के अनुसार, 20 कर्मचारियों को निराश्रित गोवंश को पकड़ने की जिम्मेदारी दी गई है। पिछले 15 दिनों में 350 गोवंश को पकड़कर शहर से 5 किलोमीटर दूर दयोदय गोशाला पपौरा में स्थानांतरित किया गया है। उल्लेखनीय है कि शहर के प्रमुख चौराहों और सड़कों पर गाय-बैलों की उपस्थिति से लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही थी। बीच सड़क पर बैलों के लड़ने से दुर्घटनाएं भी हो रही थीं। साथ ही वाहन चालको को यातायात में भी भारी समस्याओ का सामना करना पड़ रहा था। दुर्घटना होने पर गौवंश और इंसान दोनों को नुकसान हो रहा था। इस मुद्दे पर बुंदेलखंड पीठाधीश्वर महंत सीताराम दास महाराज ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन किया था। इसके बाद कलेक्टर श्रोत्रिय ने सभी जनपदों के सीईओ को निर्देश जारी किए। साथ ही निर्देशों का पालन न करने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की भी चेतावनी दी गई।

## मनरेगा उपयंत्रियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन, वेतन व सेवा सुरक्षा को लेकर रखीं मांगे

# रोगी कल्याण समिति बैठक में स्वास्थ्य सुधार पर हुए अहम निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा



नगर के जनपद पंचायत सभागार में गुरुवार को रोगी कल्याण समिति की वार्षिक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता खरगापुर विधायक श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर ने की। बैठक में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और वित्तीय वर्ष की आय-व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के विकास हेतु कई प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें ओपीडी को कंप्यूटराइज करने के लिए दो कंप्यूटर और प्रिंटर खरीदे जाने, मरीजों की सुविधा के लिए ओपीडी परिसर में टीन शेड निर्माण व मरम्मत, आयुष्मान भारत मद से कार्यालय फर्नीचर खरीदने, पोषण पुनर्वास केंद्र और आपातकालीन कक्ष की छत की मरम्मत, अस्पताल परिसर में कैंटीन की स्थापना तथा कुपोषित बच्चों के लिए दो एसी की व्यवस्था जैसे प्रस्ताव प्रमुख रहे। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इन्हें तत्काल प्रभाव से लागू करने की आवश्यकता जताई।

बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा, नायब तहसीलदार श्रीपत अहिरवार, सीएमओ शिवि उपाध्याय, बीएमओ डॉ. अजय गुप्ता, परियोजना अधिकारी प्रदीप मिश्रा, डॉ. अंकित राजपूत, डॉ. मुकेश साहू सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक समाप्त होने के बाद जनपद कार्यालय में कार्यरत मनरेगा उपयंत्रियों ने विधायक चंदा गौर को सामूहिक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उपयंत्रियों ने स्पष्ट कहा कि उनकी सेवा शर्तें असुरक्षित हैं और वे लगातार उपेक्षा का सामना कर रहे हैं। उन्होंने मांग रखी कि संविदा पारिश्रमिक की गणना नियुक्ति तिथि से की जाए और यह नियमित उपयंत्री के बराबर हो। मृत्यु होने पर आश्रितों को तुरंत अनुकंपा नियुक्ति मिले, पद से हटाने की स्थिति में निलंबन का प्रावधान हो तथा वरिष्ठता सूची के आधार पर सहायक यंत्री का प्रभार दिया जाए। इसके साथ ही ग्रेजुएटी भुगतान, संविदा नवीनीकरण की अवधि एक वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष करने और प्रत्येक माह की पहली तारीख को वेतन दिए जाने जैसी मांगें भी प्रमुख रहीं। ज्ञापन सौंपने वालों में रमाशंकर मातेले, प्रमोद चतुर्वेदी, कृष्ण बलराम दीक्षित, बीएन बुनकर, राजेश द्विवेदी, हरीओम राय सहित अन्य उपयंत्री शामिल रहे। उपयंत्रियों ने यह भी स्पष्ट कहा कि मनरेगा को लक्ष्य आधारित योजना बनाना नीतिगत भूल है, क्योंकि यह मूलतः मांग आधारित योजना है।

उक्त बैठक में जहां स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने का खाका खींचा गया, वहीं उपयंत्रियों के ज्ञापन ने प्रशासन का ध्यान सेवा सुरक्षा और नियमित वेतन जैसी मूलभूत समस्याओं की ओर खींचा। अब देखना यह होगा कि जिला और प्रदेश स्तर पर इन मुद्दों को कितनी गंभीरता से लिया जाता है।

### एक हजार को भी पार कर रही जिला अस्पताल की ओपीडी, डॉक्टर्स और स्टाफ पर बढ़ा काम का बोझ

# आयुष हॉस्पिटल में जिला अस्पताल की पर्ची अनिवार्यता से बढ़ा मरीजों का दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वातानुकूलित कमरों में बैठकर प्रदेश के दूर दराज गांव विकास के लिए योजना बनाने वाले आला अधिकारी भौतिक समस्याओं से कितने अनजान रहते हैं इसकी बानगी जिला मुख्यालय पर देखने को मिल रही है। आयुष आयुक्त विभाग द्वारा जिला मुख्यालय पर एक ही परिसर में संचालित होने वाले आयुष हॉस्पिटलों को जिला चिकित्सालय से संलग्न करने के निर्देश से जहां आयुष अस्पताल की ओपीडी आधे से भी कम रह गई है वहीं जिला अस्पताल की ओपीडी बढ़ते मौसमी बीमारियों के प्रकोप से एक पखवाड़ा में ही दोगुनी हो गई। जिला अस्पताल की ओपीडी बढ़ने का विपरीत प्रभाव जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर और स्टाफ को क्षमता से अधिक काम करना पड़ रहा है जिसके मानसिक रूप से बुरा असर महसूस किया जा रहा है।

दरअसल अब आयुष अस्पताल में मरीजों को स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए जिला अस्पताल से भर्ती पर्चा बनवाना पड़ता है जिसके चलते प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति (आयुष) से इलाज करने वाले मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गठिया रोग से पीडित ओंकार लाल ने बताया कि वह लंबे समय से गठिया रोग से ग्रसित हैं अंग्रेजी दवाई लेने से उन्हें बीमारी में कोई लाभ नहीं हुआ तो उन्होंने आयुष की शरण ली जिससे उन्हें लाभ तो मिला है लेकिन अब आयुष अस्पताल का पर्चा भी जिला अस्पताल की खिड़की पर बनवाना पड़ रहा है लेकिन वहां लगने वाली लंबी लाइन के कारण घंटों खड़े रहना पड़ता है। मुझे भी पत्नी का इलाज़ आयुष औषधालय में कराने के लिए एक घंटा से अधिक समय तक पर्चा कटवाने के लिए लाइन में लगना पड़ा जो हम जैसे बुजुर्गों ओर गठिया रोग से पीडितों के लिए असंभव कार्य है। इससे मुझे बहुत तकलीफ उठानी पड़ी है। लोगों ने जिला अस्पताल में भर्ती पर्ने बनवाने के बाद आयुष औषधालय में इलाज कराने के नियमों में परिवर्तन करने की मांग कलेक्टर अर्पित वर्मा से की है। लोगों की मांग है कि इस व्यवस्था में थोड़ा बदलाव जरूरी है।

आयुष औषधालय में अधिकतर बुजुर्ग और गठिया जैसे रोग से पीडित मरीज आते हैं जिन्हें लंबी लाइन में लगना और आधे घंटे तक खड़ा रहना मुश्किल हो जाता है और उनके द्वारा जो 10 रुपए देकर पर्चा कटवाया जाता है उससे आयुष विभाग को कोई लाभ नहीं होता, 10 रुपए में से 6 रुपए तो उस एजेंसी को मिलते हैं जो पर्चा काट रही होती है। चार रुपए रोगी कल्याण समिति के खाते में जमा होते हैं जबकि रोगी कल्याण समिति से आयुष चिकित्सालय को किसी तरह की कोई सुविधा नहीं मिलती है। अगर पर्चा आयुष चिकित्सालय में ही बनने लगे तो इससे एक तो इससे आयुष हॉस्पिटल में आए का जरिया हो जाएगा और दूसरे जिला अस्पताल में डॉक्टर और स्टाफ पर से काम का बोझ कुछ कम होगा।



#### जिला अस्पताल में करना पड़ रहा दोगुना काम

अचानक मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी होने का खामियाजा जिला अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ को भुगतना पड़ रहा है। डॉक्टर और स्टाफ को दोगुनी से भी अधिक मेहनत करनी पड़ रही है अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में जहां ओपीडी 500 से नीचे थी वह अब हजार को भी पार करने लगी है इस दबाव का असर अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों और स्टाफ के बीच कई बार देखने को भी मिल रहा है तनाव में आए स्टाफ की परिजनों से हॉट टॉक की शिकायत भी सामने आती रहती हैं। लोगों का कहना है कि अगर आयुष हॉस्पिटल में बिना ओपीडी पर्चा कटाए इलाज किया जाए तो कुछ हद तक जिला अस्पताल से भी मरीज की का भीड़ कम हो सकती है।

#### एक घंटा लाइन में लगने के बाद कट रहा पर्चा

जिला अस्पताल में मौसमी बीमारी से ग्रसित मरीजों की भीड़ अचानक बढ़ जाने का खमियाजा आयुष अस्पताल में इलाज कराने वाले मरीजों को भी भुगतना पड़ रहा है। हालांकि इस अस्पताल में चिकित्सक मरीजों के कम दबाव के चलते आराम से परीक्षण कर लेते हैं लेकिन मरीजों को पर्चा कटवाने में ही 1 घंटे से भी अधिक समय लग जाता है। किला निवासी लियाकत खान ने बताया कि उन्हें आयुष की दवाइयों से ही लाभमिलता है। वह खांसी जुकाम और दूसरी संक्रामक बीमारियों का इलाज आयुष चिकित्सालय पहुंच कर कराते रहे हैं। पर अब इस काम के लिए उन्हें पहले जिला अस्पताल पहुंचकर पर्चा कटवाने के लिए लाइन में लगना पड़ता है और एक घंटे में नंबर आने के बाद पर्चा कटवाकर अस्पताल में परीक्षण करना पड़ता है लेकिन कई बार पर्चा कटाने के बाद जब अस्पताल आते हैं तो पता चलता है कि यहां पर उस बीमारी की दवाइयां ही स्टॉक में नहीं है।

#### जिला अस्पताल की ओपीडी एक नजर में

| दिनांक | ओपीडी |
|---|---|
| 14 अगस्त | 1120 |
| 15 अगस्त | 265 |
| 16 अगस्त | 610 |
| 17 अगस्त | 420 |
| 18 अगस्त | 1200 |
| 19 अगस्त | 1050 |
| 20 अगस्त | 1100 |
| 21 अगस्त | 840 |

#### इनका कहना..

आयुष आयुक्त के निर्देश पर जिला चिकित्सालय परिसर में आयुष चिकित्सालय संचालित होने के चलते व्यवस्थाएं एकीकृत की गई है। इस काम के लिए पहले पर्चा जिला चिकित्सालय से कटवाया जाता है उसी पर्चे पर आयुष डॉक्टर दवाई लिखते है।

डॉ जीपी वर्मा जिला आयुष अधिकारी श्योपुर

### दो बदमाश अभी भी बने हैं फरार, एसपी बोले-जल्द पकड़े जाएंगे दोनों आरोपी

## खिरकाई मामले में फरार बने दस-दस हजार के दो इनामी बदमाश दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



ढोढर थाना क्षेत्र के जंगल में स्थित खिरकाई पर रहने वाले पशुपालकों से वसूली के लिए मारपीट करने वाले बदमाशों के खिलाफ पुलिस अपना शिकंजा सकती जा रही है। इस मामले में फरार चल रहे दो इनामी बदमाशों को तीन थानों की पुलिस ने दबोच लिया और उन्हें पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश कर दिया है। दोनो बदमाशों पर 10-10 हजार रूपए का इनाम घोषित है। इस मामले में दो नामजद बदमाश अभी फरार बताए गए है। एसपी वीरेन्द्र जैन का कहना है कि फरार बने दोनो बदमाशो को भी जल्द ही दबोच लिया जाएगा।

बताना होगा कि खिरकाईयों पर पुलिस की नजर पैनी होने के बाद भी पिछले दिनों ढोढर थाना क्षेत्र में बनी एक खिरकाई पर बदमाश पहुंच गए थे,जिन्होंने वसूली के लिए पशुपालकों के साथ मारपीट और गाली गलौच करते हुए दशहत फैलाई। हालांकि इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई,लेकिन तब तक बदमाश वहां से भाग निकले। इस मामले में ढोढर थाना पुलिस ने सभी बदमाशों को नामजद करते हुए उन पर इनाम घोषित करने का प्रस्ताव पुलिस अधीक्षक के पास भेज दिया। एसपी वीरेन्द्र जैन ने इस मामले में नामजद हुए 9 बदमाशों पर 10-10 हजार का इनाम घोषित कर दिया। ढोढर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर ने बताया कि 9 बदमाशों में से 5 बदमाशों को पहले ही पकडा जा चुका है। इसके बाद मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर दो बदमाशो हंसराज उर्फ लुक्का पुत्र शिशुपाल सिकरवार निवासी तिलोजरी पिपरोनिया थाना पहाडगढ, थान सिंह परमार पुत्र महावीर सिंह परमार निवासी गुर्जा थाना देवगढ को वीरपुर और गसवानी थाना पुलिस के साथ मिलकर दबोच लिया है। इस दौरान थान सिंह परमार के कब्जे से एक बंदूक तथा तीन जिंदा कारतूस भी जब्त किए गए है।

इन दोनों बदमाशों को दबोचने में ढोढर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर के साथही थाना प्रभारी वीरपुर भारत सिंह गुर्जर,थाना प्रभारी गसवानी रीना राजावत,प्रआ धर्मेन्द्र मांझी, कुलदीप परमार, अजय सिकरवार, आरक्षक सुदीप पाण्डे, अनिल तोमर, विवेक जादौन,कमल अटल, धर्मवीर सिंह की अहम भूमिका रही है।

## स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस ने घेरा बड़ौदा का बिजली घर, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



बिजली कंपनी द्वारा घरों पर जबरिया लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों के खिलाफ कांग्रेस ने बड़ौदा में प्रदर्शन करते हुए बिजली घर का घेराव कर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बड़ौदा द्वारा किए गए इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने बिजली घर का घेराव करते हुए जोरदार नारेबाजी की और उपभोक्ताओं की स्वीकृति के बिना जबरदस्ती लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर को हटाने की मांग की और ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि अधिकारियों द्वारा साठ गांठ कर जिन कंपनियों से स्मार्ट मीटर लगाने का अनुबंध किया गया है वह ऐसे मीटर लगा रही हैं जो कई गुना अधिक खपत बता रहे हैं। इससे सबसे अधिक नुकसान उन उपभोक्ताओं को हो रहा है जो शासकीय योजना का लाभ निश्चित रीडिंग अनुसार लेने का अधिकार रखते हैं उनके घरों पर भी हजारों की रीडिंग से हिसाब से बिल पहुंचने लगे हैं। जो चुकाना संभव नहीं है कांग्रेसियों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपने से पहले बिजली कंपनी के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी के ठेकेदारों को स्पष्ट बता दे कि इसमें फर्जी वाडा न करें। अगर वह फर्जी वाडा करेंगे तो हम मीटरों को उखाड़ कर उनकी होली भी जला सकते हैं। इस दौरान किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष रितेश सिंह तोमर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सत्य प्रकाश शर्मा (राजू) सेवादल के पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव कुशवाह, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद को लेकर भिड़े दो पक्ष,14 घायल, क्रॉस एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

गसवानी थाने के गांव बुढेरा में गुरूवार को जमीनी जोतने की बात को लेकर दो पक्ष के लोग आपस में भिड गए। विवाद के दौरान दोनों पक्षों के बीच लाठी डंडे जमकर चले। इस विवाद में दोनो पक्षों के 14 लोग जख्मी हो गए। जिन्हें नजदीकी अस्पताल में दाखिल कराया गया। गसवानी पुलिस ने दोनों पक्षों के 14 लोगों के खिलाफ क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है।

गसवानी थाना प्रभारी रीना राजावत ने बताया कि ग्राम बुढेरा निवासी रघुवीर नामदेव और उसके छोटे भाई की पत्नी रानीनामदेव के नाम से मौजूद जमीन को भत्ते पर जोतने की बात को लेकर यह विवाद हुआ। विवाद के दौरान दोनों पक्षों के बीच लाठी डंडे चल गए। विवाद में दोनो तरफ से 7-7 लोगो को चोट आई है। इस मामले में रघुवीर नामदेव पुत्र बद्री नामदेव की रिपोर्ट पर राधाचरण धाकड, छोटू, मुरारी, बाइसराम, प्रदीप, रमेश, टुण्डाराम सभी जाति धाकड तथा दूसरे पक्ष के रमेश धाकड पुत्र रघुनंदन धाकड की रिपोर्ट पर रघुवीर नामदेव, सवाराम धाकड, गजेन्द्र धाकड, मांगीलाल धाकड, मनोज धाकड, रामनिवास धाकड, मुकेश धाकड के खिलाफ मारपीट की धाराओं के तहत क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

### ब्राह्मण समाज के युवा अध्यक्ष पर जानलेवा हमले का प्रयास

श्योपुर। विजयपुर में ब्राह्मण समाज के युवा अध्यक्ष सूरज शुक्ला बुधवार की देर रात को उस समय बाइक सवार दो बदमाशों ने कट्टे से फायर करते हुए जानलेवा हमला करने का प्रयास किया,जब वह घर के बाहर मोबाइल पर बात कर रहा था, गनीमत यही रही कि एनवक्त पर फायर मिस हो गया। जिसकारण सूरज की जान बच गई। विजयपुर निवासी सूरज शुक्ला ने इस मामले की रिपोर्ट विजयपुर थाने में दर्ज कराते हुए बताया कि बुधवार की देर रात लगभग 12:30 बजे जब वह घर के बाहर मोबाइल पर बात कर रहा था,तभी वहां बाइक सवार नकाब बांधे दो लोग पहुंचे,बाइक पर पीछे बैठे युवक ने अपनी कमर से देशी कट्टा निकाला और मुझे पर फायर कर दिया,किसी तरह मैने भागकर अपनी जान बचाई, लेकिन एनवक्त पर फायर मिस हो गया और गोली नहीं चल पाई। विजयपुर थाना प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि फिलहाल आरोपी अज्ञात है और घटनास्थल पर गोली चलने जैसे कोई साक्ष्य भी नहीं मिले है। हमने इस मामले में दो अज्ञात आरोपियों पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## निजी स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगाने अभाविप ने सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने गुरूवार को जिला शिक्षा अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर निजी स्कूलों की मनमानी पर लगाम कसने की मांग की है।

अभाविप के जिला संयोजक गणेश शर्मा ने ज्ञापन सौपते हुए बताया कि जिले में संचालित निजी स्कूलो में मनमानी चलाई जा रही है। एनसीईआरटी की किताबे चलाए जाने के निर्देशो के बाद भी कई निजी स्कूलों में प्राइवेट पब्लिकेशन की किताबें चलाई जा रही है। कई निजी स्कूल तो ऐसे भवनो में चल रहे है, जो खंडहर जैसी स्थिति में बने हुए है।

इसके अलावा कई निजी स्कूल अभिभावकों से मनमानी फीस भी वसूल रहे है। निजी स्कूलों की इस तरह की मनमानियों पर शिक्षा विभाग तीन दिनों के भीतर अंकुश लगाए,अन्यथा इस मामले को लेकर विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करने पर विवश होगी। ज्ञापन सौपने के दौरान नगर मंत्री विष्णु वाल्मिक,भाग संयोजक सुनील गुर्जर गुर्जर,विभू शर्मा ,अब्दुल दाऊदी ,मनीष प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## दहेज की मांग को लेकर विवाहिता के साथ मारपीट, पति समेत तीन पर केस

श्योपुर। शहर के हसनपुरहवेली में रहने वाली एक विवाहिता के साथ उसके ससुरालियों ने दहेज में 5 लाख रूपए लाने की बात को लेकर मारपीट कर दी। कोतवाली थाना प्रभारी सतीश सिंह चौहान ने बताया कि विवाहिता दीक्षा पत्नी रवि नामा की रिपोर्ट पर उसके पति रवि नामा, सास रेखा नामा तथा देवर हिमांशु नामा निवासी हसनपुर हवेली के खिलाफ मारपीट और दहेज एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत जतीघाट पर पौध रोपण कार्यक्रम आयोजित

## पेड़ धरती मां का श्रृंगार है और इसे बचाना हम सबकी जिम्मेदारीः रेनू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



पेड़ धरती का श्रृंगार है और इसे बचाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है धरती से पेड़ों का खत्म होने का मतलब ऑक्सीजन का खत्म होना है और ऑक्सीजन के खत्म होने का मतलब जीवन का खत्म होना है हमें धरती पर जीवन बचाना है तो धरा को पेड़ों से हरा भरा रखना जरूरी है इसके लिए हर व्यक्ति को योगदान देने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा लगाए जो पेड़ बनकर प्रधानमंत्री जी के सपने को साकार कर सके। यह बात नपा अध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग ने गुरुवार को अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत जतीघाट पर पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान पौधा रोपने के बाद कही।

अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत नगरपालिका श्योपुर द्वारा सीप नदी के तट पर स्थित परम संत श्री मधुवन दास त्यागी जी महाराज की तपोस्थली जतीघाट आश्रम परिसर में पौध रोपण किया गया। जिसमें कई प्रकार के पौधे जैसे, आवंला, अमरूद, नीबू, सप्तपर्णी, आम, चांदनी, गुडहल, कनेर आदि लगाये गये। इस अवसर पर मधुवन सेवा समिति के संरक्षक सदस्य कुंज बिहारी सर्राफ ने नगरपालिका श्योपुर द्वारा अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत किये जा रहे पौध रोपण कार्यक्रम की सराहना करते हुये कहा कि वृक्षों का हमारे जीवन मे काफी महत्व है अतः पेड बचेगा तो जीवन बचेगा इस अवसर पर समाजसेवी रामअवतार शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण हेतु अपना प्रेरक गीत भी प्रस्तुत किया।

सीएमओ राधेरमण यादव जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिकों, पत्रकारगणों एवं स्वसहायता समूह की महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुये अधिक से अधिक पौधों को लगाने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम का संचालन आदित्य चोहान ने किया। इस अवसर पर नगरपालिका के पार्षदगण विष्णु पाराशर, जुगल मेहरा, पार्षद प्रतिनिधि दीपचंद रेगर, स्काउट कमिश्नर ओ.पी. सिकरवार, मधुवन सेवा समिति के नाथूलाल सोनी, डा. ओमप्रकाश टकसाली, समाजसेविका अर्चना तिवारी, देवीसिंह कुशवाह, देवेन्द्र शर्मा, रामबाबू बाथम, नगरपालिका उपयंत्री पवन गर्ग, सखावत अली, जितेन्द्र राव, नीरज निगम, इस्तियाक कुरेशी, अंकिश जैन व समस्त न.पा. कर्मचारीगण तथा स्वसहायता समूहों की महिलायें सोनू आर्य, ललिता गुप्ता, निगार फातिमा आदि मौजूद रहे।

### 28 से शुरू होगी कक्षा 9वीं से 12वीं तक की तिमाही परीक्षा

# पहली बार स्कूल के विषय शिक्षक ही विद्यालय स्तर पर तैयार करेंगे तिमाही परीक्षा के पेपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले के सरकारी स्कूलों में पढने वाले कक्षा 9 वीं से कक्षा 12 वीं के तक विद्यार्थियों की तिमाही परीक्षा इसी माह में 28 तारीख से आरंभ होने जा रही है। खास बात यह है कि इस साल यह तिमाही परीक्षा विद्यार्थी और शिक्षक दोनों के लिए नवाचार लेकर आ रही है। तिमाही परीक्षा के प्रश्नपत्र स्कूल स्तर पर ही वहां पदस्थ विषय शिक्षक ही बनाएंगे। इसके लिए भोपाल स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ब्लूप्रिंट और प्रश्न बैंक जारी कर दिए गए है। पहली बार होने जा रहे इस नवाचार से तिमाही के पेपर आउट होने जैसी संभावना पर विराम लग जाएंगा। क्योंकि सभी स्कूलों के पेपर एक जैसे नहीं रहेगे।

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य शिक्षा विभाग ने कक्षा 9वीं से 12वीं तक की तिमाही परीक्षा के लिए समय सारणी भी घोषित कर दी है। कक्षा 9वीं एवं 10वीं के शासकीय विद्यालयों की तिमाही परीक्षाएं 28 अगस्त से आरंभ होगी, जो कि 4 सितंबर तक चलेगी। इस परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। जबकि कक्षा 11वीं एवं 12वीं के शासकीय विद्यालयों की परीक्षाएं 28 अगस्त से आरंभ होगी तथा 9 सितंबर तक यह परीक्षाए चलेगी। परीक्षा का समय दोपहर डेढ़ बजे से शाम साढ़े 4 बजे तक रहेगा। परीक्षा के दौरान अध्यापन कार्य भी चलता रहेगा।



#### 15 सितंबर तक भरे जाएंगे बोर्ड परीक्षा के फार्म

इस साल आयोजित होने वाली कक्षा 10 वीं और कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए बोर्ड परीक्षा के फार्म 15 सितंबर तक भरे जाएंगे। माशिमं ने 15 सितंबर परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि निर्धारित कर दी गई है। शिक्षा विभाग के अफसरों ने बताया कि 15 सितंबर तक रेगुलर और प्रायवेट रूप से बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र छात्राएं अपने परीक्षा फार्म भर सकते है।

#### बनी रहेगी परीक्षा की गोपनीयता

भोपाल स्तर से कक्षा नौवी से कक्षा 12 वीं तक की तिमाही परीक्षा की समय सारणी घोषित होने के साथही यह निर्देश भी जारी हो गए है कि इस बार तिमाही परीक्षा के प्रश्नपत्र विद्यालय स्तर पर ही तैयार किए जाएंगे। इन प्रश्न पत्रों को विद्यालय के संबंधित विषय के शिक्षक ही तैयार करेगे। सभी स्कूलों का प्रश्नपत्र अलग अलग होगा। जिससे परीक्षा की गोपनीयता बनी रहेगी। लेकिन तिमाही परीक्षा का पेपर किस तरह तैयार किया जाएंगा,इसके लिए भोपाल स्तर से ही ब्लूप्रिंट और प्रश्न बैंक जारी कर दिए गए है। ऐसे में स्कूल स्तर पर विषय विशेषज्ञ शिक्षक अपने अपने स्कूल के प्रश्नपत्र अलग अलग तैयार करेगे,लेकिन प्रश्नपत्र में प्रश्न किस तरह के होगे तथा किस इकाई तक के रहेगे, इसका निर्धारण जारी किए गए ब्लू प्रिंट और प्रश्न बैंक के जरिए किया जाएगा।

#### स्कूल स्तर पर ही तैयार होंगे पेपर

कक्षा 9 से कक्षा 12 वीं तक की तिमाही परीक्षा 28 अगस्त से आरंभ होगी। इस बार तिमाही परीक्षा के प्रश्नपत्र स्कूल स्तर पर ही तैयार किए जाएंगे। इस संबंध में निर्देश आ गए है। सभी स्कूलो के प्राचार्यो को निर्देशित कर दिया गया है कि जारी निर्देशों का पालन करते हुए तिमाही परीक्षा स्कूल स्तर पर आयोजित कराई जाए।

एमएल गर्ग
डीईओ,श्योपुर

## 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों का दाखिला स्कूलों में करने के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




सरकारी स्कूलों में 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को भर्ती कराने के खिलाफ प्रदेशव्यापी अभियान के तहत गुरूवार को जिला मुख्यालय पर भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन सीटू द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।

यूनियन की जिला अध्यक्ष राजकुमारी राजपूत ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर दो ज्ञापन सौंपे गए एक ज्ञापन प्रधानमंत्री के नाम था जिसमे राष्ट्र स्तरीय समस्याओं को लेकर मांग शामिल थी जबकि दूसरा ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम था जिसमें प्रदेश स्तरीय समस्याओं को शामिल किया गया था। इन मांगों में सरकारी स्कूलों में 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों के एडमिशन बंद कराने की मांग भी शामिल थी उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र पर 3 वर्ष से 6 वर्ष की तक के बच्चों के लिए पोषण आहार के साथ-साथ शाला पूर्व शिक्षा दी जाती है। लेकिन जब इन बच्चों को सरकारी स्कूलों में भर्ती कर दिया जाएगा तो फिर आंगनबाड़ियों का औचित्य ही समाप्त हो जाएगा। इसके अलावा विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया।

# देर रात हुई डेढ़ इंच बारिश, देहरी रोड फिर हुआ बंद, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना





बुधवार-गुरुवार को देर रात जोरदार बारिश होने से एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्र का संपर्क शहर से कट गया। देहरी रोड बंद होने के साथ ही साथ सिलार नदी के उफान से गढ़ा पडारिया मार्ग गुरुवार शाम तक बंद रहा। जानकारी अनुसार बुधवार-गुरुवार को देर रात 40.2 एमएम यानी करीब डेढ़ इंच बारिश हुई। जिस कारण शहर से देहरी जाने वाले मार्ग पर बनी पुलिया पर मोतीचूर नदी का जलस्तर बढ़ जाने के कारण मार्ग बंद हो गया।

मार्ग बंद होने के कारण बच्चे स्कूल नहीं पहुंच सके न ही ग्रामीण लोग रोजमर्रा के काम से शहर नहीं आ सके। से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इसके अलावा देर रात अधिक बारिश होने के कारण सिलार नदी में अधिक पानी होने के कारण गढ़ा पडरिया मार्ग देर रात में ही बंद हो गया था। जो गुरुवार शाम मत बंद रहा। वहीं शहर के अंडरब्रिजों में पानी भर गया। जिससे कुछ समय के लिए रास्ते बंद हो गए। खिमलासा मार्ग पर स्थित अंडरब्रिज में पानी भर जाने के कारण तहसील की और आने जाने वाले लोगों को परेशान होना पड़ा।

### डीए एरियर, क्रमोन्नत वेतनमान, वेतन निर्धारण सहित लंबित पेंशन प्रकरणों को लेकर जारी किए निर्देश

# डीईओ की डीडीओ को दो टूक, हफ्तेभर में शिक्षकों के लंबित देयकों और समस्याओं का करें समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

करीब 10 हजार कर्मचारियों वाले शिक्षा विभाग में डीडीओ व संकुल स्तर पर शिक्षकों के कई जायज प्रकरण लंबित बने हुए हैं और इन्हें लेकर समय.समय पर शिक्षक संगठन मुखर होते रहे हैं तो वहीं पीड़ति शिक्षक भी निराकरण को लेकर जिला कार्यालय व सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराते रहे हैं।

इन सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने गुरूवार को जिले के सभी बीईओए संकुल प्रभारियों एवं डीडीओ को दो टूक शब्दों में लंबित प्रकरणों के निराकरण को लेकर सात दिन की समय सीमा जारी कर दी है। डीईओ श्रीवास्तव ने जारी आदेश में निराकरण के बाद पालन प्रतिवेदन भी तलब किया है। इस आदेश के बाद शिक्षकों को उम्मीद जागी है कि उनके लंबित प्रकरणों का निराकरण हो जाएगा। देखना होगा कि डीईओ के हफ्तेभर की समय सीमा की बाध्यता वाले इस आदेश का संकुल व डीडीओ स्तर से कितना और कब तक पालन होता है।




## इन बिंदुओं को लेकर समय सीमा जारी

डीईओ ने जिन 6 बिंदुओं को लेकर समय सीमा तय की है उनमें प्रमुख रूप से लंबित डीए एरियर का भुगतान कर कार्य पूर्णता का प्रमाणीकरण मांगा है। इसके अलावा क्रमोन्नति व समयमान के आदेश जिन लोक सेवकों के हो चुके हैं उन्हें अगस्त माह के पे बिल में बढ़ी हुई दर से वेतन भुगतान किया जाए। इसके अलावा क्रमोन्नति का वेतन निर्धारण कर अनुमोदन प्रेषित किए जाएं तथा 31 अगस्त तक एरियर राशि का भुगतान सुनिश्चित हो। संकुल स्तर पर संधारित सेवा पुस्तिकाएं अपडेट नहीं होने से कई कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सेवा पुस्तिकाओं के परीक्षण के लिए समिति गठित करने व परीक्षण के निर्देश भी दिए गए हैं। सभी डीडीओ यह भी सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी पेंशन प्रकरण लंबित न हो।

## 3.0 पोर्टल पर अपडेशन का आखिरी अवसर

*बीईओ ने 3.0 पोर्टल पर डाटा अपडेशन को लेकर बीईओ को निर्देश दिए हैं कि एक बार पुनरू परीक्षण संकुल स्तर से कराया जाए और किसी जानकारी में कोई संशोधन हो तो उन्हें सूचीबद्ध कर 31 अगस्त तक जिला कार्यालय में प्रेषित किए जाएं। यदि इसके बाद कोई विसंगति पोर्टल पर परिलक्षित होगी तो संकुल प्राचार्य को उत्तरदायी मानते हुए कार्यवाही की जाएगी। डीडीओ को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि माह की 1 तारीख को समस्त कर्मचारियों को वेतन भुगतान सुनिश्चित हो। खनियांधाना विकासखण्ड में जुलाई माह की वेतनवृद्धि नहीं लगाए जाने के मामले में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।*

## इनका कहना है

*विभिन्न माध्यमों से शिक्षा विभाग में कार्यरत लोकसेवकों के देयकों व अन्य मामलों के संकुल व डीडीओ स्तर पर बिलंबित होने की जानकारी मिली है। हमने सात दिवस में इन प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं और प्रमाणीकरण भी मांगा है।*

*विवेक श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी शिवपुरी*

### महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के स्वर्णिम भविष्य को साकार रूप देने की ओपी भार्गव ने की पहल

# दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय मंत्री सिंधिया को जन समस्याओं से कराया अवगत

**पूर्व में भी शिक्षा संबंधित समस्याओं को लेकर ओपी भार्गव कर चुके हैं पत्र व्यवहार**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस

वरिष्ठ भाजपा नेता ओपी भार्गव ने विगत दिनों दिल्ली दरबार पहुंचकर अपने राजनैतिक गुरू केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने केंद्रीय मंत्री सिंधिया को एक मांग पत्र भी सौंपा। जिसमें ओपी भार्गव ने स्थानीय जनसमस्याओं एवं जिला शिवपुरी श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नात्तक महा विद्यालय में एलएलएम पीजी कोर्स स्वीकृत किए जाने, शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में एनसीसी स्वीकृति,कोलारस में केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति, कोलारस विधानसभा क्षेत्र की पेयजल की समस्या के निदान के लिए बोर खनन कराए जाने को लेकर प्रमुखता से मांगें रखीं। ओपी भार्गव ने श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नात्तक महा विद्यालय शिवपुरी में एलएलएम कक्षाओं की स्वीकृति की आवश्यकता बताते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को एलएलएम करने के लिए ग्वालियर, इंदौर, भोपाल जाना पड़ता है। अनेकों छात्र.छात्राएं अपनी कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण बाहर जाने में असमर्थ होते हैं। शिवपुरी से सबसे अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं न्यायधीश बनकर निकलते हैं। इन सभी जन हितैषी मांगों को लेकर बीते रोज वरिष्ठ भाजपा नेता ओपी भार्गव दिल्ली दरबार पहुंचे और अपने राजनैतिक गुरू केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन ब्लॉक शिवपुरी की कार्यकारिणी घोषित, किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शहर के एक निजी स्कूल राजेंद्र मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल नवाबसाहब रोड में शिवपुरी ब्लॉक की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

इस दौरान प्रांतीय सचिव राजकुमार शर्मा और जिला सचिव गजेंद्र शिवहरे की अध्यक्षता में ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता एवं ब्लॉक सचिव सुशेंद्र भदौरिया की अनुशंसा पर सोबरन धाकड़, नीरज धाकड़, अवधेश भार्गव, रामू राठौड़, सुधीर कुशवाह को उपाध्यक्ष पद का



दायित्व, विनोद धाकड़ को कोषाध्यक्ष, राजेश कुशवाहा को सहसचिव, मुकुल श्रीवास को सहकोषाध्यक्ष, रामलखन धाकड़, नितिन गुप्ता को मीडिया प्रभारी, संदीप व्यास, आदित्य श्रीवास्तव को कार्यालय प्रभारी दिनेश धाकड़, चंदन कुशवाह, निशांत भार्गव, अमन चौधरी को समन्वयक और भूपेन्द्र शिवहरे, रिक्की विश्वकर्मा को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। सभी को प्रांतीय सचिव और जिला सचिव द्वारा माल्यार्पण किया गया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में राजकुमार शर्मा द्वारा सभी सदस्यों को स्वल्पाहार करवाया गया।

### जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

# ज्ञानोदय सीनियर सेकंडरी स्कूल के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

दीपक मेमोरियल अकादमी में आयोजित जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खुरई ब्लॉक के ज्ञानोदय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी संजय दादर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न ब्लाकों के शासकीय एवं



अशासकीय विद्यालयों के छात्र / छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें ज्ञानोदय सीनियर सेकेंडरी स्कूल खुरई की अंडर 14, 17 और 19 आयु वर्ग के समूहों में बालक/बालिका वर्ग की बास्केटबॉल टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें 17 बालिकाओं और 11 बालकों का बास्केटबॉल संभागीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में चयन हुआ। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य गिरीश बेलकर ने खिलाड़ियों एवं बास्केटबॉल कोच मो. अकिल मकरानी , पीटीआई अमित यादव एवं अन्य खेल प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं दी।

# पुलिस थाना कोतवाली के प्रकरण दुष्कर्म मामले में आरोपी को सत्र न्यायालय ने किया दोषमुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

बीते लगभग 1 वर्ष पूर्व अभियुक्त से परिचित होने के चलते महिला के द्वारा मिलना.जुलना बना हुआ थाए इसी दौरान महिला के द्वारा पुलिस थाना कोतवाली में एक शिकायती पत्र देकर अपने साथ अभियुक्त के द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम देना और शारीरिक शोषण व जान से मारने की धमकी को लेकर थाना कोवाली में शिकायत दर्ज कराई गई थी जिस पर अभियुक्त के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया। इस मामले जब मामला माननीय सत्र न्यायालय के समक्ष पहुंचा तो यहां अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता गजेन्द्र यादव ने पैरवी की और तथ्यों व बहस के उपरांत अभियुक्त को दोष मुक्त करा दिया गया। अभियोजन के अनुसार मामला इस प्रकार है कि फरियादीया ने थाना प्रभारी कोतवाली के समक्ष आरोपी सुनील के द्वारा उसका शारीरिक शोषण करनेए लगातार पीछा करने व जान से मारने की धमकी देने को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया था जिस पर से सुनील के विरूद्ध पुलिस थाना कोतवाली में धारा 376 भादसं की रिपोर्ट दर्ज की थी। सत्र न्यायालय के समक्ष उक्त प्रकरण विचाराधीन था। उक्त प्रकरण में समस्त साक्ष्यों के कथानों एवं बहस के उपरांत माननीय सत्र न्यायालय ने अभियुक्त सुनील को दुष्कर्म मामले में आरोपी को दोषमुक्त करार दिया। इस मामले में पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता गजेन्द्र सिंह यादव के साथ सहयोगी अधिवक्ता अशपाक खान, अजय शाक्य द्वारा अभियुक्तों की ओर से की गई।

### पीर बुराहन साहब के मेले में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, कब्बाली का हुआ आयोजन

# पीर बाबा के उर्स का आयोजन दरगाह पर चादरपोशी कर मनाया, मांगीं अमन चैन की दुआएं और मन्नतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस

हर्ष वर्ष की भांति इस वर्ष भी भादों के दूसरे गुरुवार के दिन कोलारस से 3 किलोमीटर दूर स्थित पीर बुरहान बाबा की दरगाह पर उर्स व मेले का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नप अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे उपस्थित रहे। जिनका दरगाह कमेटी द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा के दरगाह पर चादर चढ़ाई। इस मेले में ग्वालियरए अशोकनगरए गुनाए शिवपुरी आदि दूरदराज से श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। यह मेला हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक माना जाता है। सभी धर्मों के लोग मेले में बढ़.चढ़कर बाबा की दरगाह पर पहुंचते हैं। पीर बाबा के मेले में हर्ष वर्ष की भांति कब्बाली के कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।



## पूर्व नप अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे ने की दरगाह पर चादरपोशी

पीर बाबा की दरगाह पर आयोजित उर्स मेले के अवसर पर पूर्व नप अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे ने अपने साथी भाजपा नेताओं के साथ पीर बाबा की दरगाह पर पहुंचकर चादरपोशी की और अमन चैन की दुआएं मांगी। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह चीमा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंगल सिंह कुशवाह, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिखर धाकड़, मंडल उपाध्यक्ष देशपाल सिंह राजावत, पार्षद भानु जाट, महामंत्री दीपक जैन, उपाध्यक्ष राम सडैया, पार्षद संदीप चंदेल, प्रवीण कटारे आदि लोग उपस्थित रहे।